### एक नजर में

## नगर से गुजरी सैनिक की अंतिम यात्रा

**पचोर 22 जुलाई, सं.** जिले के सारंगपुर विधानसभा के गांव टुटियाहेड़ी के निवासी सीमा पर तैनात सैनिक हरिओम नागर के शहीद होने पर उनकी अंतिम यात्रा भोपाल से शुरू हुई जो विभिन्न नगरों ग्रामों से होते हुए उनके गांव टुटियाहेडी पहुंची जहां पर सैनिक का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया. पचोर से यात्रा गुजरते समय मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल सहित कई गणमान्य जनों ने सैनिक को प्रणाम पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते समय आम व्यक्ति के अलावा नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता बद्रीलाल भंडारी, श्रीमती मोना सुस्तानी, पुरुषोत्तम वैष्णव, मनीष मन्नू यादव, सीताराम लहरी, कांग्रेस नेता बनवारी लाल मालवीय, बुरहान सैफी, सीएमओ दीपक रानवे, राजेश भारती, संजय तिवारी, गोपाल सेन सहित सेंकडो की संख्या में आमजन शामिल रहे. इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम जब तक सूरज चांद रहेगा हरिओम तेरा नाम रहेगा के नारे गूंजते रहे.

## स्कूल में पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प

**कुरावर 22 जुलाई, सं.** नगर के आदर्श पब्लिक स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया. मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया. नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने जीवन में पौधों के महत्व को बताया. विद्यालय प्रबंधक पी टी शाह, प्राचार्य अनीता साजी, अध्यापक गौरव चंद्रवंशी, अमित शर्मा, अनुरोध द्विवेदी, स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण किया. कार्यक्रम के नोडल अरविंद मिश्रा के द्वारा आभार माना. इस अवसर पर नगर परिषद कर्मचारी अमन मुद्गल, दौलत सिंह मीणा, मनोज शर्मा उपस्थित रहे.

## मंदिरों में देर रात तक रही श्रद्धालुओं की भीड़

**जीरापुर 22 जुलाई, सं.** श्रावण माह में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला अनवरत जारी है. नगर के शिवालयों एवं मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन अनुष्ठान, पूजा अर्चना, रामायण-पारायण पाठ हो रहे है. श्रावण के दूसरे सोमवार को नगर के शिव शक्ति धाम मंदिर, शिवशंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस थाना परिसर स्थित सिध्देश्वर महादेव मंदिर, त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर, जनपद पंचायत परिसर स्थित महाकाल मंदिर में आकर्षक श्रृंगार किया गया. देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. भोलेनाथ का विशेष आकर्षक श्रृंगार फूलों, बिल्व पत्र, चंदन से किया. लंबी कतारों में खड़े होकर दर्शन किए और जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया.

## शिवालयों में दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

**पचोर 22 जुलाई, सं.** श्रावण माह के दूसरे सोमवार को नगर के सभी प्रमुख शिवालयों पर अभिषेक पूजन एवं जलाभिषेक के साथ भगवान विश्वनाथ के दर्शन, पूजा अर्चना करने भारी भीड़ रही. प्राचीन विश्वनाथ बड़ा शिवालय पर नागरिकों की भारी भीड़ रही. पूजन एवं जलाभिषेक किया. नगर के अन्य सभी शिवालयों में भी में भक्तों की भारी भीड़ रही. श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरीया पर मंदिर समिति द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन रखा गया. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण के पश्चात पूजा अभिषेक किया. पंडित इंद्रजीत पाराशर के सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा अभिषेक पूजन कराया गया.

# 33 केवी लाइन में फाल्ट, तलाशने में जुटा अमला

### लखनवास, सीलखेड़ा ग्रीड में आ रही बिजली संबंधी समस्या

### रात भर गुल रही 50-60 गांवों की बिजली

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 जुलाई, का. लखनवास, सीलखेड़ी ग्रीड के तहत 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट होने के कारण चाहे जब बिजली गुल हो रही है. घंटो तक बिजली नहीं रहने से नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सोमवार-मंगलवार की रात्रि में भी बिजली गुल रही.**

जानकारी के अनुसार लखनवास एवं सीलखेड़ा ग्रीड क्षेत्र में 33 केवी विद्युत लाइन में बीते सात-आठ दिनों से कोई फाल्ट आ गया है जिससे बारिश, हवा आने पर बिजली गुल हो जाती है. सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि 1 बजे से बिजली गुल हो गई जो मंगलवार की सुबह 8 बजे आई दस मिनिट रहने के बाद फिर बिजली चली गई जो प्रात: 11 बजे आई इसके बाद भी बिजली का आना-जाना लगा रहा.



### दर्जनों गांवों में बिजली समस्या

लखनवास, सीलखेड़ा ग्रीड के तहत 50 से 60 गांव आते है जिनमें बिजली की समस्या बनी हुई है. बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र के ग्राम सुंदरपुरा, लोधीपुरा, तरेना, तरेनी, आमडोर, तुमडिया, सडली, टुआखेड़ी, किशनगढ़, सेकनपुर, कानरखेड़ी, सीलखेड़ा, पुरा, बीजापुरा, पाडली गुसाई, नालियाखेड़ी, धूपचढ़ी, खेजड़ा महाराजा, पातला पानी सहित अनेक गांव में बिजली गुल हो रही है. यह समस्या विगत दिनों से बनी हुई है.

### नहीं मिल पा रहा फाल्ट

विद्युत विभाग का अमला 33 केवी विद्युत लाइन में हो रहे फाल्ट को तलाशने में जुटा हुआ है. इंसुलेटर आदि में कोई बारीक फाल्ट होना बताया जाता है जिसे अमला तलाश रहा है. इस संबंध में विद्युत विभाग के जेई राजेन्द्र देवड़ा का कहना है कि 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से यह स्थिति निर्मित हो रही है. जल्द ही फाल्ट को दूर कर विद्युत सप्लाई को सुचारु कर लिया जाएगा.

## कॉलोनी में सीसी रोड की मांग



**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 22 जुलाई, सं.** ग्राम पंचायत भण्डावद की सोनी कॉलोनी एवं मोहल्ले निवासियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जीरापुर को आवेदन देकर मोहल्ले में हो रहे कीचड़ एवं लोगों को निकालने में आ रही परेशानी की समस्या हेतु अवगत कराया. तथा सीमेंट कांक्रीट रोड बनाने की मांग की.

सोनी कॉलोनी निवासी मांगीलाल टेलर, कालू सिंह किरार, तूफान सिंह किरार, बद्री लाल राठौर, अमर सिंह, सुनील एवं पटेल इत्यादि ने बताया कि कॉलोनी के रास्ते में अत्यधिक कीचड़ होने की वजह से हम एवं स्कूल के बच्चों को निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. बारिश के कारण रास्ते में जगह-जगह पानी के गड्ढे भर गए हैं. जबकि कॉलोनी में नल जल योजना अंतर्गत नल एवं लाइट लगी हुई है. कालोनी में सीसी रोड बनायें जाने की मांग की.

---

सरपंच प्रतिनिधि का कहना है कि यह कॉलोनी ग्राम आबादी में नहीं आती है. फिर भी इनकी समस्या को देखते हुए कल मुरम डलवा देंगे ओर बारिश बाद सीसी रोड बनाया जायेगा.

जनपद सीईओ रघुवंशी का कहना है कि इंजीनियर को भेज कर मौका निरीक्षण करवा कर जो भी उचित व्यवस्था होगी वह की जावेगी.



# आखिर विभाग ने ली सुध

### उखड़ी सड़क, गड्ढों की कराई मरम्मत

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 जुलाई, का. अनदेखी, लापरवाही और संबंधित विभाग की उदासीनता के परिणाम स्वरुप नगर के मुख्य मार्गो पर सड़के उखड़ी है, विशालकाय गड्ढे होने से राहगीरों को काफी तकलीफो का सामना करना पड़ रहा है. आखिरकार मंगलवार को विभाग ने सुध ली और गड्ढे व्यवस्थित करने मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया गया.**

विदित है कि नगर में मुख्य मार्गो पर हा रहे जानलेवा गड्ढे, उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आना-जाना जोखिम भरा हो रहा है. जिम्मेदारों ने आमजन की इस समस्या पर मौन साधे रखा. कई जगह तो रास्ता देखने के बाद भी हालात जस के तस रहने पर नागरिक आगे आये और उन्होंने उखड़ी सड़को की मरम्मत का कार्य शुरु कर दिया. नवभारत द्वारा आमजन की इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया. आखिरकार मंगलवार को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इंदौर नाका पुल के समीप आदि अन्य स्थानों पर हो रहे गड्ढो की मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया.

# 23वीं विशाल कावड़ यात्रा कल

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 जुलाई, का. हर बार की तरह इस बार भी हरियाली अमावस्या पर कल नगर में विशाल कावड़यात्रा निकाली जाएगी जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे.**

इस बार कावड़यात्रा का 23 वां वर्ष होगा. कावड़यात्री पचोर रोड पर परसुलिया के समीप समेली स्थित त्रिवेणी संगम स्थल से जल लाकर नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे.

अंजनीलाल मंदिर समिति द्वारा कावड़यात्रियों के लिए मंदिर धाम पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है. प्रात: 11 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा.

विदित है कि नगर में निकलने वाली कावड़यात्रा का जगह-जगह धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा, फल, फलहार के साथ स्वागत किया जाता है. वर्ष 2002 में अंजनीलाल धाम पर द्वादश ज्योतिर्लिंगेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी जिसके बाद वर्ष 2003 से कावड़यात्रा का भव्य आयोजन शुरु हुआ. जो सतत् रुप से हरियाली अमावस्या पर किया जाता आ रहा है.

## पोस्ट मास्टर मांगूसिंह सोलंकी सेवानिवृत्त

**सारंगपुर 22 जुलाई, सं.** गोपालपुरा पोस्ट आफिस के पोस्ट मास्टर मांगूसिह सोलंकी के रिटायर्ड होने पर बिदाई समारोह आयोजित किया गया. फूल माला पहनाकर, साफा बांधकर बिदाई दी. मोहन लववंशी सहित वक्ताओं ने कहा कि श्री सौलंकी ने पूरी ईमानदारी से क्षेत्र में डाक वितरण करते हुए अपनी सेवा दी. विदाई समारोह में दलाराम लववंशी, भगवती प्रसाद पालीवाल, मनीशंकर पाटीदार, मुकेश कुमार, मोहन लववंशी, लाडसिंह लववंशी, पवन जाट, दिपक सोनी उपस्थित रहे.

# अतिवृष्टि ने की फसल बर्बाद, मुआवजा की मांग

### पूर्व विधायक के साथ ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 22 जुलाई, का. क्षेत्र के कई गांवों में अत्यधिक बारिश के कारण सोयाबीन फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. ऐसे में बर्बाद हुई फसल की मुआवजा राशि एवं बीमा का लाभ प्रभावित किसानों को दिया जाये.**

उक्त मांग को लेकर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में ग्रामीणजनों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. पूर्व विधायक श्री कल्पोनी का कहना है कि उनके द्वारा क्षेत्र में भ्रमण करने पर पाया गया कि ग्राम करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेड़ी, खारचाखेड़ी, खैरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाइखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजुरी, करेडा, जलालिया, रोजड, लिम्बोदा, चौंसला, तुमडियाखेड़ी, गुराडिया, खेड़ी, घोडाखेड़ी, राघोखेड़ी, बरखेड़ा आदि कई गांवों में सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है. ग्रामीणों के अनुसार उनके द्वारा दो-दो बार बोवनी करने के बाद भी अधिक बारिश के चलते सोयाबीन, मक्का फसल खराब हो गई है. ज्ञापन में खराब हुई फसलों का जल्द सर्वे करवाकर उचित मुआवजा राशि एवं फसल बीमा का लाभ दिए जाने की मांग की गई.

## दस्तक अभियान का शुभारंभ

**राजगढ़ 22 जुलाई, का.** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और कुपोषण व बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने दस्तक अभियान का विधिवत शुभारंभ करते हुए बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई. इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना अनुसार शत प्रतिशत काम होना चाहिए. फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी बराबर इसकी मॉनीटरिंग करेंगे. 15 दिनों के बाद अभियान की उपलब्धि एवं इससे हितग्राही बच्चों को हुए लाभ की समीक्षा की जाएगी.

# नगर में संचालित अवैध पैथालॉजी लैबें सील

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 22 जुलाई, सं. शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए नगर में संचालित सात पैथालॉजी लेब को जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने सील किया है.**

गौरतलब है कि नगर में अवैध रुप से कुछ लेब का संचालन किया जा रहा था. शासन के नियमों का पालन नहीं होने से ब्लाक मेडिकल अधिकारी द्वारा लैब संचालकों को डेढ़ माह पूर्व नोटिस देकर अवगत कराया गया था कि लैब संचालक संबंधित दस्तावेज को सिविल अस्पताल में जमा करें परंतु आज दिनांक तक केवल दो ही लेबों के दस्तावेज जमा हो पाए है.

तदुपरांत जिला चिकित्सा अधिकारी डा. शोभा पटेल के निर्देशन में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डा. सुनील चौरसिया द्वारा राजस्व विभाग की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर नगर में संचालित 7 अवैध पैथोलॉजी लैब पर छापा मारकर उन्हें सील किया. जांच में सामने आया कि लैब न तो पंजीकृत थी और न ही वहां कार्यरत कर्मचारियों के पास आवश्यक डिग्री या लाइसेंस मौजूद थे.

**मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़** मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाली इन लैब पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध संस्थानों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा. आर. के. पेथोलाजी, अंश पैथोलॉजी लेब बंद अवस्था में मिली. क्षिप्रा लेब, अंकित लेब, श्रीश्याम लेब, सार्थक लेब, महादेव लेब के पास एक भी दस्तावेज नहीं मिलने पर पंचनामा बनाकर इन्हें सील किया गया. हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय पहल है लेकिन पूर्व में भी दो झोलाछाप डॉक्टरों के निजी क्लिनिक एवं लैबों को सील किया गया था जो करवाई उपरांत पुन: किसी उचित कार्रवाई के सील खोले गए जो अब धड़ल्ले से संचालित है.




## नपा कर्मचारी का अटैक से निधन

**सारंगपुर 22 जुलाई, सं.** नगर पालिका परिषद में पदस्थ कर्मचारी अब्दुल समद खान का अटैक आने के कारण विगत दिवस निधन हो गया. वह सहज, सरल स्वभाव व्यक्तित्व के धनि थे. कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया. सीएमओ ज्योति सुनहरे द्वारा नगर पालिका कर्मचारी स्व अब्दुल समद की पत्नी को 1 लाख 25 हजार रुपये की राशि का भुगतान करने की ई स्वीकृति पत्र दिया. श्रद्धांजलि सभा में नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सीएमओ दीपक रानवे, पार्षद प्रतिनिधि शफीक अंसारी, कमरुद्दीन कुरेशी, आशिक मंसूरी, अंजुमन सदर, एम ए अलीम, कुरेशी बाबा, पूर्व पार्षद असलम अली, शेखर चाचा, पवन लाला, हाजी मुजीब खांन, स्वच्छता शाखा प्रभारी सतीश कंडारे, गौरव शर्मा, गोकुल पुष्पद, गोवर्धन सिंह, दिलीप शर्मा, शाकिर कुरैशी, समंदर सिंह लववंशी सहित नपा कर्मचारी, नागरिक गण उपस्थित रहे.

# अखंड ज्योति ध्वज पैदल रथयात्रा पहुंची नगर में

### मां वैष्णो देवी मंदिर जम्मू तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है




**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 22 जुलाई, सं. मां भवानी मंदिर खंडवा से मां वैष्णो देवी तक अखंड ज्योति ध्वज पैदल रथ यात्रा भक्तों के द्वारा निकाली जा रही है जो दिनांक 12 जुलाई को मां भवानी मंदिर जिला खंडवा से मनोज तायड़े के नेतृत्व में 40 लोगो के साथ मां वैष्णो देवी मंदिर जम्मू तक पैदल चलकर यात्रा निकाली जा रही है.**

यात्रा प्रभारी मनोज तायडे ने जानकारी देते हुए बताया कि हमने 12 जुलाई से मां भवानी मंदिर खंडवा से यात्रा प्रारंभ की. हम प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर पैदल चल रहे हैं. पैदल यात्रा 12 सितंबर को मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंचकर समापन होगी. सोमवार शाम को मां वैष्णो देवी अखंड ज्योति पैदल यात्रा गोपालपुरा जयनगर इंदौर नाका पुराना बस स्टैंड होते हुए खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर रात्रि विश्राम किया. यात्रा मंगलवार सुबह खेड़ापति हनुमान मंदिर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य लोगों ने पैदल यात्रियों का स्वागत किया. वहीं अन्य स्थानों पर जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया.

इस दौरान टिल्ला तायडे चेतराम विश्वकर्मा गोपाल सेन हुकुम भाई मातृशक्ति रूकमणी दीदी, कला दीदी, मंजू दीदी, लीला दीदी, रेशम दीदी, आशा दीदी राजू सतकड़े, अमरचंद फुलमाली, राजेन्द्र जगताप, दशरथ चौहान, राजू मारवाडी, विरेन्द्र राठौर, राजेश वर्मा, शांतिलाल विश्वकर्मा, जितू दशौरे, सखाराम, राजू, लालू मामा तरुण वर्मा, कृष्णापुरी, बलीराम नागनपुरिया, नत्थु जी सालवे, शंकर विश्वकर्मा, मल्लू नायडे, लखन जी पटेल, कैलाश पड़न नैतिक नायड़, रामअवतार, जैकी बावनिया, ब्रदी तंवर, संजय राठौर, शशि कपुर वर्मा, सहित 45 लोगों का जत्था पैदल चल रहा है.

**शिकायत** सारंगपुर नगरपालिका में आवास योजना में फर्जीवाड़े के आरोप, शिकायत कलेक्टर तक पहुंची

# फर्जी जियो टैग से निकाली पीएम आवास की राशि

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 22 जुलाई, सं. पीएम आवास योजना में कई पात्र अब भी लाभ से वंचित है तो कई अपात्र इसका लाभ उठा रहे है. सारंगपुर नगरपालिका में आवास योजना में फर्जीवाड़े के आरोप पार्षद के परिवार पर लगे है. शिकायत कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गई है.**

नगर पालिका वार्ड 18 पार्षद के परिवार पर वार्ड के ही शिकायतकर्ता केशव पिता शिवसिंह लववंशी ने लिखित शिकायत कर आरोप लगाए है. जिसमें कहा है कि पार्षद प्रतिनिधि ने बिना मकान बनाए ही योजना की राशि निकाल ली. पार्षद के पति भानु लववंशी ने निर्माण दिखाकर दो किश्तो में 2 लाख रुपये का भुगतान ले लिया. जबकि मकान बना ही नहीं और फोटो किसी और के मकान के सामने खिंचवाकर फर्जी जियो टैगिंग की गई. इस मामले में सत्यापन करने वाले जिम्मेदारो की भूमिका भी संदिग्ध है. मामले की शिकायत कलेक्टर तक पहुंच चुकी है.



जानकारी के अनुसार पीएम आवास स्वीकृत हुआ और पार्षद बनने के पूर्व 25 जनवरी 2022 को प्रथम किशत 1 लाख रुपये खाते में शासन से डली. उसके बाद जुलाई 2022 में पार्षद निर्वाचित होने के बाद वर्ष 2024 में 25 जनवरी को खाते में दूसरी किस्त के रुप में 1 लाख स्पये की राशि और डल गई. जबकि नियमानुसार कोई भी निर्वाचित पार्षद नपा संबंधित शासन की किसी भी हितग्राही योजना का लाभ नहीं ले सकता है. जबकि सारंगपुर में पार्षद और पार्षद प्रतिनिधियों के द्वारा अपने परिजनों के नाम से यह लाभ लिया जा रहा है.

### और भी हो सकते हैं ऐसे मामले

सूत्रों के अनुसार यह मामला सिर्फ एक वार्ड तक सीमित नहीं है. कई जगहों पर योजना का इसी तरह दुरुपयोग हुआ है. जनप्रतिनिधियों और अफसरों की मिलीभगत से जरूरतमंदों को लाभ नहीं मिल पा रहा है. ऐसे मामलो को चिन्हित कर प्रशासन को तत्काल कार्यवाही करना चाहिए.

पीएम आवास योजना में मेरा आवास पार्षद निर्वाचित होने से पूर्व स्वीकृत हो चुका है. आवास उसी स्थान पर निर्माण किया गया है जहां पर स्वीकृति मिली है. यह आरोप झूठे है कि दूसरे स्थान पर मकान बना है.

**भानु लववंशी**
**पार्षद प्रतिनिधि वार्ड. 18, सारंगपुर**

---

वार्ड नंबर 18 में पीएम आवास योजना के मामले में शिकायत सामने आई है, इसकी जांच की जाएगी. दोषी पाए जाने पर रिकवरी सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

**ज्योति सुनहरे**
**सीएमओ, नपा सारंगपुर**

# महाआरती में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में रही भारी भीड़

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 22 जुलाई, सं. श्रावण माह में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में हिंदू उत्सव समिति द्वारा आयोजित सायंकालीन सामूहिक आरती में अपार जनमानस शामिल हो रहा है. साथ ही नगर के शिव मंदिरों, शिवालयो में धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है.**

सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर सामूहिक आरती में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा. शिव नाम की गूंज और दीपों की झिलमिलाती रोशनी से मंदिर प्रांगण शिवमय हो गया. हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, समिति पदाधिकारी, सदस्यगण एवं नगर के धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे. मंदिर समिति द्वारा पुष्पवर्षा से सभी का स्वागत किया गया. बंटी पुष्पद ने तिलक-वंदन एवं अतिथि सत्कार की परंपरा का निर्वहन किया. धन सिंह पुष्पद एवं पं. आनंद बैरागी द्वारा डॉ. भल्ला का पुष्पमाला से सम्मान किया गया. समिति सचिव वैभव पुष्पद एवं सतीश राठौर ने आगामी आरती कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई श्री राम मंदिर खरिया में सामूहिक आरती होगी. 28 जुलाई तीर्थराज कपिलेश्वर धाम में भव्य आरती आयोजन होगा. मंदिर समिति द्वारा खिचड़ी प्रसादी वितरित की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह से भाग लिया.